प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिन के गहन जागरूकता अभियान की आज औपचारिक शुरूआत की। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से आज बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है।

****

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। इस सिलसिले में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो आज सभी दलों के विधायक दल के नेताओं और प्रतिनिधियों की बैठक कर रहे हैं। बैठक में सत्र के सुचारु संचालन पर चर्चा हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों से आग्रह किया है कि वे सदन के प्रति साकारात्मक रवैया अपनायें और जनहित के मुद्दों पर खास चर्चा करें।

****

इस बीच झामुमो ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर अहम बैठक बुलाई है। बैठक शाम साढ़े चार बजे एटीआई भवन में आयोजित होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को दिल्ली गए थे और बुधवार को रांची लौट आए। उनकी वापसी के साथ ही सत्तापक्ष ने शीतकालीन सत्र को लेकर रणनीति तैयार करने की प्रक्रियाओं को तेज कर दिया है। इधर, सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक 7 दिसंबर को होगी। इसमें सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति तय की जायेगी। भाजपा अपने आरोप पत्र के आधार पर राज्य सरकार के खिलाफ योजनाएं तैयार करेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अपने आवास पर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेक इरादे होने पर सफलता जरूर मिलती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है।

****

झारखंड शराब घोटाले मामले की जांच कर रहे एसीबी ने कमर्शियल टैक्स कमिश्नर और पूर्व उत्पाद आयुक्त आईएएस अधिकारी अमित कुमार को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच एजेंसी ने उन्हें समन भेजकर कल पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा है। इस पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

****

प्रवर्तन निदशालय, इडी की रांची इकाई ने चिटफंड घोटाला मामले में गाजियाबाद और नोएडा के कुल 20 ठिकानों पर छापा मारा। छापेमारी सुबह करीब छह बजे शुरू हुई। छापेमारी में रांची के अलावा दिल्ली सहित अन्य स्थानों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। मैक्सीजोन चिटफंड घोटाला मामले में ईडी इससे पहले झारखंड स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

****

गुमला जिले में आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए पीडीएस दुकानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लंबे संघर्ष और सरकारी हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के पांचों मजदूर आखिरकार सुरक्षित अपने वतन लौट आए। आज सुबह मुंबईदृहावड़ा मेल से पारसनाथ स्टेशन पहुंचे। इन मजदूरों का गांव लौटते ही भावनात्मक स्वागत किया गया। परिजनों ने एक–दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर की।

*********समाप्त**********